हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

## पंजीकृत निर्माण श्रमिक कल तक करा सकते हैं अभिलेख सत्यापन

जांजगीर-चांपा। छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी का विशेष अभियान चल रहा है। मंगलवार 30 जून तक श्रमिक अभिलेख सत्यापन एवं संशोधन करा सकते है।

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## उधर सड़क मरम्मत, इधर शबरी सेतु पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण


शबरी सेतु पर लगा जाम।


गिधौरी मार्ग पर सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने के कारण रविवार को कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शबरी सेतु पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम में छोटे-बड़े वाहन काफी देर तक फंसे रहे, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। जगह-जगह बड़े गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। खराब सड़क के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होने के साथ-साथ वाहनों को भी नुकसान पहुंचता था। लगातार सड़क मरम्मत की मांग की जा रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए आखिरकार संबंधित विभाग ने सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कराया है। रविवार 28 जून को मरम्मत कार्य शुरु होते ही मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। शबरी सेतु पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही। राहगीर कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। वाहनों की कतार लगने से ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निर्माण कार्य के कारण फिलहाल लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अधिकांश राहगीरों ने इसे भविष्य के लिए राहत देने वाला कदम बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय की असुविधा के बाद अच्छी सड़क मिलने से सफर सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो जाएगी। लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की मांग भी की है, ताकि आवागमन जल्द सामान्य हो सके।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

|| श्रद्धांजलि ||
आपकी स्मृतियाँ हमारे हृदय में सदा जीवित रहेंगी...



अश्रुपूरित
श्रद्धांजलि
हमारे पूज्य पिताजी ने अपने जीवन में
आर्थिक शुचिता, ईमानदारी और जीवन मूल्यों
को सर्वोंपरि रखा ।
समाज के प्रत्येक वर्ग से अपनत्व, स्नेह और सहयोग
का भाव रखा तथा अपने संस्कारों से हमें पोषित किया ।
उनका सादगीपूर्ण, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ जीवन
हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा ।
उनकी पुण्य स्मृति को नमन करते हुए
हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है ।

स्व. बंशीलाल देवांगन
(जन्म : 01 मार्च 1951 – निर्वाण: 20 जून 2026)

दशगात्र कार्यक्रम
दिनांक : 29 जून 2026, सोमवार
समय : प्रात: 11:00 बजे से
स्थान : देवांगन धर्मशाला, चाम्पा
चंदनपान : निवास स्थान, मंझली तालाब, चांपा

"कुछ रिश्ते खून के नहीं, संस्कारों के होते हैं...
पिताजी का स्नेह, उनकी सीख और उनका आशीर्वाद
हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है ।
आप चले गए, लेकिन हर साँस में आपकी याद है,
हर कदम पर आपकी प्रेरणा और हर सुबह में आपका आशीर्वाद है ।"

शोकाकुल
चंद्रशेखर देवांगन, मुरली देवांगन, चंद्रेश देवांगन, सीताराम देवांगन,
प्रेम प्रकाश देवांगन (पुत्र)
एवं समस्त देवांगन परिवार चांपा
विनम्र निवेदन : कृपया इस शोक संदेश को संवेदना की अभिव्यक्ति समझ स्वीकार करें ।
सीताराम हाथकरघा उद्योग, मंझली तालाब, चांपा

JAGRANI DEVI UNIVERSITY
BARADWAR, DIST - SAKTI (C.G.)
UGC/AICTE/PCI/BCI/NCTE से मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा विभाग क्र. 127 दि. 12.03.2026 GEN S/9518/2026/38-2
Established under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act,2005

ADMISSION OPEN 2026-27
QUALITY EDUCATION | CAREER FOCUSED | BRIGHT FUTURE

FACULTY OF ARTS & HUMANITIES
- B.A. (Bachelor of Arts) - All Common General Subjects
- M.A. Sociology
- M.A. History
- M.A. Hindi
- M.A. Political Science
- M.A. Public Administration
- M.A. Comparative Religion & Philosophy
- M.A. Psychology
- M.A. Defense Studies
- M.A. Home Science
- M.A. Chhattisgarhi
- M.A. Human Rights
- M.A. Public Health
- M.A. Disaster Management
- M.A. Yoga
- M.A. Rural Development
- M.A. Urban Development
- M.A. Public Relations
- M.A. Linguistics
- M.A. Anthropology
- M.A. Education
- M.A. Sanskrit
- M.A. Geography
- M.A. English
- M.A. Mathematics

FACULTY OF SCIENCE
- B.Sc. Biology
- B.Sc. Mathematics
- B.Sc. Computer Science
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Forensic Science
- B.Sc. Nutrition
- B.Sc. Dietetics
- B.Sc. Environmental Biology
- B.Sc. Forestry Chemistry
- B.Sc. Data Science
- B.Sc. Herbal Science & Tech.
- B.Sc. Cell Culture
- B.Sc. Bioinformatics
- M.Sc. Mathematics
- M.Sc. Data Science
- M.Sc. Geology
- M.Sc. yoga & Nutrition
- M.Sc. Statistics
- M.Sc. Nutrition & Public Dietetics
- M.Sc. Electronics
- M.Sc Bio-Informatics
- M.Sc. Forestry
- M.Sc. Herbal Science & Technology
- M.Sc. Physics
- M.Sc. Cell Culture
- M.Sc. Botany
- M.Sc. Environmental Biology
- M.Sc. Microbiology
- M.Sc. Industrial Chemistry
- M.Sc. Biotechnology
- M.Sc. Fashion Design
- M.Sc. Biochemistry
- M.Sc. Interior Design
- M.Sc. Life Science
- M.Sc. Zoology
- M.Sc. Anthropology
- M.Sc. Chemistry
- M.Sc. Forensic Science & Public Criminology

B.TECH PROGRAMS
- Advanced Computing
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Telecomm.
- Artificial Intelligence (AI)
- Machine Learning (ML)
- Blockchain Technology
- Computer Science & Engg.
- Information Technology
- Chemical Engineering
- Mining Engineering
- Metallurgy Engineering
- Data Science Engg.
- Cyber Security Engg.
- UI/UX Engineering

FACULTY OF LAW, PHARMACY, HOSPITALITY & VOCATIONAL STUDIES
- BA LLB
- B.Com LLB
- LL.M.
- LL.B.
- B.Pharmacy
- D.Pharmacy
- Hospitality & Tourism: BHM, BHMCT, BTTM, MHMCT,
- MTTM
- B.Voc (Bechelor of Vocation)

COMPUTER APPLICATIONS, COMMERCE & MANAGEMENT
- B.COM
- MCA
- M.SC. IT
- BCA
- BBA
- MBA
- BBA IN AVIATION MANAGEMENT
- M.SC COMPUTER SCIENCE

TECHNICAL, PROFESSIONAL & PG DIPLOMAS
- DCA
- DGDCA
- PGDBM
- PGDRD
- B.LIB.
- M.LIB.
- BDA PROGRAM
- Diploma in aeronautical engineering
- Diploma in fire & safety operations
- Diploma In solar power systems
- Post graduate diploma in cyber security
- Diploma in air hostess training
- Diploma course in music & dance
- 1-year diploma in sound recording & reproduction
- 2-years diploma program of art appreciation course in painting

M.TECH PROGRAMS
- Architecture Design
- Automobile Engg.
- Aeronautical Engg.
- AeroSpace Engg.
- Environmental Science
- Data Analytics
- Cloud Computing
- Game Development
- Petroleum Engineering
- Marine Engineering
- Robotics Engineering
- Textile Engineering
- Software Engineering
- Aero-Science
- Biomedical Engg.
- DevOps / Mobile App
- Dev

MODERN INFRASTRUCTURE | EXPERIENCED FACULTY | 100% CAREER SUPPORT | SKILL BASED LEARNING | SMART CLASSROOMS & LABS | PERSONALIZED ATTENTION
BUILD YOUR CAREER SHAPE YOUR FUTURE!

+91 70003 73411 +91 91834 02745 +91 91834 06556
+91 88781 10000 +91 91834 08147
Official Website : https://exam.jagranideviuniversity.in/ jagranideviuniversity.in
Location : Baradwar, Sakti District, Chhattisgarh
Scan QR Code for Online Apply

## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी षष्ठम विधानसभा के दषम सत्र आगामी 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक रहेगा। जिसमें विधानसभा प्रष्नों का उत्तर निर्धारित समयावधि में शासन/वरिष्ठ कार्यालय की ओर भेजा जाना आवश्यक है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश जारी 23 जून से 17 जुलाई तक कलेक्टर के अनुमति के बिना मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

### उत्तरा बनी जिले की पहली रेंजर लीडर ट्रेनर

**कोरबा।** स्काउट आंदोलन से जुड़े प्रत्येक



लीडर का सपना होता है कि वह लीडर ट्रेनर जैसी सर्वोच्च प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त करे। इसी कड़ी में जिले की उत्तरा मानिकपुरी ने यह उपलब्धि हासिल करते हुए जिले की पहली रेंजर लीडर ट्रेनर बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पचमढ़ी में 15 से 21 जून तक आयोजित लीडर्स ट्रेनर्स कोर्स को पूर्ण किया। इस मुकाम तक पहुंचने में उन्हें पूरे 20 वर्षों का लंबा संघर्ष, निरंतर अभ्यास और समर्पण देना पड़ा। उन्होंने अपने स्काउटिंग जीवन की शुरुआत विद्यालयीन शिक्षा के दौरान एक गाइड के रूप में की थी। बाद में रेंजर बनीं और इसी क्षेत्र को अपने जीवन का उद्देश्य बनाकर लगातार आगे बढ़ती रहीं। उत्तरा मानिकपुरी की पहचान एक कुशल तकनीकी प्रशिक्षक, प्रेरक वक्ता और समर्पित लीडर के रूप में है।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग तस्करी को लेकर चेतना शिविर




**हरदीबाजार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार ग्राम पंचायत गंगदेई थाना हरदीबाजार में मादक पदार्थो के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ चेतना के संबंध में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एडवोकेट प्रमोद तिवारी सहायक एलएडीसी एवं पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी आशीष सिंह एवं ग्राम सरपंच जागेश्वर प्रसाद एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान धूम्रपान के दुरूपयोग से बचने तथा इसके तस्करी से बचने के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही ऐसी गांव की महिलाओं को समूह बना के गांव में होने वाले अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को डायल 112 पर देने की सलाह दिया गया। एडवोकेट श्री तिवारी द्वारा बताया गया की इस प्रकार की कोई भी अपराधिक कृत्य सामान्य नागरिक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए ऐसे कृत्यों से समाज को तथा परिवार को विशेष हानी होती है।

### संपत्ति बंटवारे को लेकर बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट, पिता घायल

**कोरबा।** पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने उस वक्त भयावह रुप ले लिया जब बंटवारे की मांग पूरी नहीं होने से नाराज छोटे बेटे ने अपनी मां की लाठी से हमला कर हत्या कर दी। वहीं महिला की चीख पुकार सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे पिता पर भी लाठी से हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में पिता के दोनों पैर में फैक्चर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है। वहीं हत्या के बाद फरार बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम चीतापाली में श्यामलाल यादव अपने परिवार के साथ निवास करता है। श्याम लाल का छोटा बेटा दिव्यांग रामकुमार यादव लंबे समय से अपने पिता श्यामलाल यादव व माता जानकुंवर यादव से पारिवारिक संपत्ति की बंटवारे की मांग कर रहा था। शुक्रवार की रात इसी बात को लेकर विवाद शुरु हुआ, जिसने देखते ही देखते हिंसक रुप धारण कर लिया। आरोपी रामकुमार यादव ने अपनी सहारे वाली लाठी से मां के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने अपने पिता पर भी हमला कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद रामकुमार मौके पर फरार हो गया। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन

# विद्युत कम्पनी में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर श्रमिक संगठनों ने दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रायपुर में कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों

**खास बात**

- 12 संगठनों के 72 प्रतिनिधियों ने लिया निर्णायक संघर्ष का संकल्प



पेंशन बहाली को लेकर जुटे श्रमिक संगटनों के सदस्य।

की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। उपस्थित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी, जिसमें एक प्रतिनिधि का एनपीएस धारक कर्मचारी होना अनिवार्य रहेगा। समिति की अगली बैठक आगामी सप्ताह आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि 6 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने संबंधी दी गई सैद्धांतिक सहमति के आधार पर कंपनी प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी कराने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही अधिकार मंच के माध्यम से प्रांतीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन, जनजागरण अभियान एवं संघर्ष कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की जाएगी। बैठक में अभियंता संघ की ओर से मनोज वर्मा एवं प्रतीक शुक्ला, पत्रोपाधी संघ से श्रीकांत बड़गैया, फेडरेशन-01 से आरसी चेट्टी एवं सुरेंद्र शुक्ला, जनता यूनियन से अनिल द्विवेदी एवं अजय बाबर, बिजली कर्मचारी महासंघ से संजय तिवारी एवं नवरतन बरेठ, विद्युत कर्मचारी संघ (इंटक-56) से एनपी मिश्रा एवं राम इकबाल, आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ से आरएल ध्रुव एवं हर्षवर्धन पाटले, तकनीकी कर्मचारी एकता यूनियन से जितेंद्र मालाकार एवं श्रीकांत सिंह ठाकुर, तकनीकी कर्मचारी संघ से जीतराम खूंटे एवं नरेश भास्कर, डॉक्टर्स एसोसिएशन से डॉ. निलेश सिंह, कर्मचारी ऑफिसर्स एसोसिएशन से गोपाल गोहिल तथा कार्यालयीन कर्मचारी संघ बस्तर से धर्मेंद्र देवांगन एवं योगेंद्र कश्यप सहित सभी संगठनों के कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# पड़ोसी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी पत्नी के साथ बातचीत करने से नाराज पति द्वारा पड़ोसी की टांगी से हमला कर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. ममता

**खास बातें**

- करताला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी का मामला
- पत्नी के साथ बातचीत करने को लेकर पड़ोसी से हुआ था विवाद

भोजवानी ने मामले की सुनवाई के दौरान आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए की अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा के द्वारा पैरवी की गई।

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में 4 व 5 जनवरी की मध्य रात यह घटना हुई थी। ग्राम गनियारी निवासी नंदकिशोर पटेल 39 वर्ष पत्नी और दो बच्चे के साथ रहता था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने नंदकिशोर पटेल का खून से सना शव देखा। लाश उसके घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी जयसिंह कंवर के घर के पास बाड़ी में पड़ी हुई थी। नंद किशोर पर टंगिया से हमला किया गया था। घटना की सूचना मिलने पर करतला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। तत्कालीन विवेचना में ज्ञात हुआ था कि नंद किशोर का पड़ोसी जय सिंह कंवर के घर आना-जाना था। वह जय सिंह कंवर की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था, लेकिन यह बात जय सिंह कंवर को पसंद नहीं थी। 4 जनवरी रविवार की रात जब जयसिंह कंवर घर लौटा तो उसने पत्नी और नंद किशोर को हंसी-मजाक करते और बातचीत करते देखा। यह बात उसे बुरी लगी और इसी बात को लेकर नंद किशोर पटेल से उसका विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। जय सिंह कंवर ने पड़ोसी नंद किशोर को घर के पास स्थित बाड़ी में ले जाकर वहां उसकी पिटाई की फिर उसके सिर पर कुल्हाड़ी (टंगिया) से लगातार वार किए। इस हमले में नंदकिशोर को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी शव को वहीं छोड़क़र अपने घर फरार गया था।

# दीपका रेलवे क्रॉसिंग पर हाइवा चालक की लापरवाही, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका के गौरव पथ मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एसीबी कंपनी के आईचर हाईवा क्रमांक सीजी 12 बीएफ 3647 के चालक ने निर्धारित कच्चे मार्ग के बजाय प्रतिबंधित पक्के मार्ग पर वाहन घुसा दिया जिससे यातायात बाधित हो गया।

वर्तमान में गौरव पथ पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण पूरा होने तक प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए रेलवे क्रॉसिंग के पास कच्चे मार्ग से आवागमन की अस्थायी व्यवस्था की है। इसके बावजूद कई हाईवा और ट्रेलर चालक नियमों की अनदेखी कर मुख्य सड़क का उपयोग कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी भारी वाहनों की लापरवाही के कारण रेलवे फाटक के पास लगाए गए लोहे के सुरक्षा बैरियर कई बार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और क्षेत्र में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। गौरव पथ पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर सामाजिक संगठनों द्वारा पूर्व में आंदोलन भी किए जा चुके हैं। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने एसीबी कंपनी, ट्रांसपोर्ट संचालकों और वाहन मालिकों से मांग की है कि चालकों को नियमित रूप से सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिया जाए तथा आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले चालकों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# सरकार के साथ आम लोगों की सहभागिता जरुरी : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग नगरी में घटते जल स्तर व बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम को लेकर वृक्षारोपण ही एक कारगर उपाय है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्षा रोपण जरुर करना चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरु किया है। उसी के तहत राज्य सरकार भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करा रही है

**खास बात**

- माई जी फाउंडेशन ने नेहरू नगर में आयोजित किया वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

लेकिन केवल सरकार के प्रयासों से ही बढ़ते पर्यावरण व बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन पर लगाम लगाना संभव नहीं है इसके लिए आम लोगों की सहभागिता भी जरुरी है। इसी कड़ी में माई जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया पौधरोपण का यह कार्य अनुकरणीय पहल है। उक्त बातें मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, आबकारी एवं श्रम लखनलाल देवांगन ने माई जी फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा नेहरु नगर में शनिवार को आयोजित सुग्घर छत्तीसगढ़ अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, पार्षद पकंज देवांगन, नरेंद्र देवांगन, विकास अग्रवाल शामिल हुए और विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान



फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी, प्रेसक्लब अध्यक्ष नौशाद खान, वरिष्ठ पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, भाजयुमो वैभव शर्मा, नोमनलाल तिवारी, धरमलाल तिवारी, राजेश दुबे, सिरिस तिवारी, श्रीमती आस्था शर्मा, सुमित पुजारी, एचएल पॉल, ब्रिज किशोर तिवारी, श्रीमती पुष्पा तिवारी, संरक्षक श्रीमती, होमा खान, फाउडेंशन की उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा बुंदेला, सचिव हेमा शर्मा, सहसचिव रोशनी तिवारी, मीडिया प्रभारी रूपा तिवारी, खुशबू तिवारी, मंच संचालन श्रीमती पदमिनी साहू, पुनिराम साहू, स्याम साहू, मोतीलाल देवांगन, आनंद देवांगन द्वारा पौधरोपण किया गया।

# नशे के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई



महिलाओं को समझाईशे देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा क्षेत्र के वार्ड क्र. 65 भैरोताल क्षेत्र

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 65 भैरोताल का मामला

की सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशे की बिक्री की सूचना दी। महिलाओं की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कुसमुण्डा पुलिस ने कई घरों में दबिश दी एवं मौका निरीक्षण के आधार पर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि जिले में सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 25 जून को थाना कुसमुण्डा क्षेत्र के वार्ड क्र. 65 भैरोताल क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशे की बिक्री की सूचना दी। महिलाओं की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कुसमुण्डा पुलिस ने कई घरों में दबिश दी एवं मौका निरीक्षण के आधार पर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी कुसमुण्डा निरीक्षक मृत्युजय पाण्डेय स्वयं अपने स्टॉफ के साथ भैरोताल बस्ती पहुँचे एवं सामुदायिक भवन में क्षेत्र की महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी महिलाओं को निडर होकर क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी तथा बस्ती में पेट्रोलिंग बढ़ाने का भी आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए अवैध शराब एवं नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी से सामाजिक बुराइयों का त्याग कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि अवैध शराब बनाने एवं बिक्री करने वालों पर यथाविधि कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# खनिज विभाग ने सघन अभियान चलाते हुए 14 जगह पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित चार खनिज जांच दलों ने जिले के संदिग्ध स्थानों सीतामढ़ी, बरमपुर, कपाटमुडा, सरईसिंगार, कुचना मोड़, बरबसपुर, कटबिटला, भैसामुडा, राहडी, मुनगड़ी, आमाखोखरा, कसानिया, लखनपुर, धवईपुर सहित अन्य




जप्त ट्रैक्टर।

स्थानों पर छापा मारकर सघन जांच की। जिस दौरान बरमपुर तथा पाली में रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक टीपर और एक ट्रेक्टर पर कार्यवाही करते हुए जप्त कर हरदीबाजार थाना तथा पाली थाना की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान और खनिज अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़. गौण खनिज नियम 2015 और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत

जॉंजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
SAFE & NURTURING ENVIRONMENT
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# Top Eduction Institute

## CHAITANYA SCIENCE & ARTS COLLEGE

चैतन्यं दीपयति ज्ञानम्

ADMISSION STARTED
SESSION 2026-27

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC






25 Years of Educational Innovation and Excellence

- NLIST Access
- IIC Established
- Active NSS Activities
- AICTE Approved for BCA/ BBA
- National Level Sports Activities
- University Gold Medalist Student

वीरेन्द्र तिवारी
डायरेक्टर

CONTACT NUMBER
9713045550, 9713046660
9713047770, 9713048880

Pamgarh, Janjgir-Champa, Chhattisgarh
website- www.chaitanyacg.ac.in

## पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़

## P.T. JAWAHAR LAL NEHRU COLLEGE

ज्ञान | संस्कार | सेवा | समर्पण

ADMISSION STARTED
SESSION 2026-27

Join Today Shape Tomorrow



विनोद बंसल
डायरेक्टर

COURSES OFFERED

- BA/BSC (All Subjects)
- BCOM
- BCA
- DCA
- PGDCA
- MA/MSc (All Subjects)

WHY CHOOSE US?

- QUALIFIED & EXPERIENCED FACULTY
- QUALITY EDUCATION
- MODERN INFRASTRUCTURE
- CAREER GUIDANCE & PLACEMENT HELP
- GREEN & CLEAN CAMPUS

हर कदम शिक्षा की ओर, हर कदम सफलता की ओर

BUILD YOUR FUTURE WITH US

For Admission Enquiry 9981348927

## एस. डी. महाविद्यालय नवागढ़

UG Course PG Course | Education B.Ed. | Social Work M.S.W.

2026-27 नया सत्र, नई शुरूआत

ADMISSION OPEN




शिक्षा से सशक्त समाज, सफलता की ओर कदम



विशेषताएं/सुविधाएं -

(1) प्रायोगिक और अध्ययन कार्य के लिए महाविद्यालय
(2) फिटनेस जोना खेलकूद
(3) प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन
(4) साहितिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम
(5) अनुभवी एवं योगा शिक्षकगण

समृद्ध पुस्तकालय | आधुनिक कक्षाएं | सुसज्जित प्रयोगशालाएं | सांस्कृतिक गतिविधियां | खेल एवं फिटनेस सुविधाएं

संचालित कोर्स

**UG Course**
B.A, B.A. Com. App.
B.Sc. (Bio, Maths)
B.Sc. Comp. Science
B.Sc Micro Biology

**Diploma**
DCA
PGDCA

**PG Course**
M.SC
MA
Mathematics
Physics
Computer Sc
Botany, Zoology
Chemistry
Microbiology
Hindi Litrature
Sanskrit Litrature
Political Science

Education B.Ed. | Education M.A. Education | Social Work M.S.W.



डॉ. कमलेश पाण्डेय
संचालक

CONTACT NUMBER
9993676616
8770770350, 8818867195

## SESSION 2026-27 ADMISSION OPEN LIMITED SEAT

### GYANDEEP HR.SEC.SCHOOL

(English Medium)
LIMITED SEATS
NURSERY TO 12TH | ENGLISH MEDIUM
AGRICULTURE | MATHS | COMMERCE
BIOLOGY | ART | HOME SCIENCE
BEST ACADEMIC ENVIRONMENT
BEST FACULTY

### ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर

डी-फार्मा | बी-फार्मा
बी.एड.

जांजगीर शहर के बीच, हृदय स्थल में स्थित
बस स्टेण्ड से 1.5 कि.मी. एवं नैला रेल्वे स्टेशन से 2 कि. मी.
तथा चाम्पा से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित

### ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक शाला जांजगीर

- नर्सरी से बारहवीं तक हिन्दी मीडियम
- अनुभवी शिक्षण स्टाफ संपूर्ण प्रायोगिक कार्य पूर्ण होते हैं
- सर्व सुविधा युक्त भवन शुद्ध स्वच्छ पेय जल
- पूरे विद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरा की व्यवस्था
- जिले में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम
- छोटे बच्चों के लिए घर जैसी व्यवस्था
- जिले का एकमात्र विद्यालय जहां NCC तथा NSS संचालित शहर के हृदय स्थल में विगत 38 वर्षों से संचालित

हिन्दी माध्यम
कृषि संकाय, वाणिज्य, जीव विज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, कला संकाय

### ज्ञानरोशनी महाविद्यालय

बी.एससी. | बी.ए. | बी.कॉम
PGDCA | DCA
प्रवेश प्रारंभ
सिटी ऑफिस ज्ञानदीप जांजगीर

### GYANROSHANI

Behind Stadium, Janjgir

- CBSE Recognised
- Up To Class 10 th
- For Admission contact at City office beside Gyandeep

विशेषता : प्रतिवर्ष मेरिट में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ अन्य सभी विद्यार्थी भी उच्च प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण।

9425230436
7067011100

Director
Dr. Akhilesh Katakwar
Link Road, Janjgir



डॉ. अखिलेश कटकवार
संचालक

## खबर संक्षेप

### अखिल विश्व गायत्री परिवार आज निकालेगा नशा मुक्ति जनजागरण रैली

**जांजगीर-नैला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, जांजगीर-नैला के तत्वावधान में सोमवार 29 जून को सायं 4 बजे नशा मुक्ति जनजागरण रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ नैला से होगा, जहां पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करेंगे। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर अटल चौक स्थित गायत्री शक्तिपीठ, जांजगीर पहुंचकर संपन्न होगी। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में साहसिक निर्णय लेकर शराब के नशे में विवाह मंडप पहुंचे युवक से विवाह करने से इनकार करने वाली मुस्कान प्रधान का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जाएगा। गायत्री परिवार एवं नगरवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

### महंगाई भत्ता को लेकर कर्मचारी नेता पहुंचे भगवान की शरण में



**खरौद।** महंगाई भत्ता में जनवरी 2026 से दो प्रतिशत की वृद्धि किए जाने को लेकर अब कर्मचारी नेता और पेंशनर भगवान की शरण में जाने लगे हैं। महंगाई भत्ता और महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर पूरे प्रदेश भर में एक महीने तक हस्ताक्षर अभियान चलाने वाले एक मांग एक मंच अभियान के प्रांत संयोजक और छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष करण सिंह अटरिया के द्वारा प्रदेश के 5 लाख नियमित कर्मचारी व प्रदेश के पेंशनरो, संविदा कर्मचारियों के हित के लिए शिवरीनारायण स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की गई। उन्होंने कर्मचारियों और पेंशनरों की ओर एक लाख आठ नग खड़ा चावल अर्पित कर और जल चढ़ाकर प्रार्थना की। साथ ही श्री अटेरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को सदबुद्धि देने के लिए भगवान के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की गई। पूजा के अवसर पर कोषालय कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, पेंशनधारी कल्याण संघ के व्ही आर यादव शिवरीनारायण , रेशम लाल यादव खरोंद, प्रांतीय प्रवक्ता विद्याभूषण दुबे रायपुर आदि उपस्थित रहे। कर्मचारी नेताओं के द्वारा लक्ष्मणेश्वर मंदिर के अलावा छत्तीसगढ़ की जगन्नाथ पुरी शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर में भगवान विष्णु (नर-नारायण) का दर्शन प्रदेश कर्मचारी और पेंशनधारियों के लिए जल्द ही कैशलेस उपचार संबंधित आदेश जारी करने के लिए प्रार्थना की गई।

## निधन

### श्रीमती धनमतबाई देवांगन



**चांपा।** स्थानीय स्टेशन मार्ग स्थित रूपेश कम्प्यूटर के संचालक सुरेश कुमार देवांगन एवं रूपेश कुमार देवांगन की माता श्रीमती धनमतबाई देवांगन का बुधवार 24 जून को सुबह मंझली तालाब स्थित निवास पर निधन हो गया। वे 79 वर्ष की थीं। स्व. श्रीमती देवांगन अपने पीछे चार पुत्रों एवं एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ही दोपहर 12 बजे हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बाई पास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र रामकुमार देवांगन ने दी।

### चित्ररेखा कश्यप



**जांजगीर-चांपा।** आदर्श ग्राम गोधना निवासी चित्ररेखा कश्यप का मंगलवार 23 जून को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही नैया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ भ्राता देवेंद्र कश्यप ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रामानुज देवांगन



**अकलतरा।** सेवानिवृत्ति व्याख्याता एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामानुज देवांगन का हृदयाघात से 73 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्रीयों को रोता बिलखता छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे उपहार देवांगन के पिता थे।

### श्रीमती बुधवारा बाई भारद्वाज



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत पिहरीद के प्रतिष्ठित नागरिक शोभा राम भारद्वाज की धर्मपत्नी श्रीमती बुधवारा बाई भारद्वाज का 77 वर्ष की उम्र में रविवार 28 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, समाज के लोग एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे पीछे तीन पुत्र तीर्थ भारद्वाज, उत्तम भारद्वाज, चैतन्य बुद्ध भारद्वाज तथा चार पुत्री व नाती पोतो का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

---

क्षेत्र के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

# तीन चिकित्सकों के भरोसे संचालित हो रहा सीएचसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा




जिले का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा वर्तमान में चिकित्सकों की कमी जैसी समस्या से जूझ रहा है। जिला जांजगीर-चांपा से पृथक होकर अस्तित्व में आए सक्ती जिले के इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र में इस समय केवल तीन चिकित्सक डॉ. मनोज डनसेना, डॉ. माधुरी चंद्रा एवं बीएमओ डॉ. विनेस नायक पदस्थ हैं। सीमित संसाधनों, बढ़ते मरीजों के दबाव और कार्यभार के बावजूद ये चिकित्सक अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को संभाल रहे हैं।

प्रतिदिन डभरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार की आशा लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पर्याप्त स्टाफ की कमी के कारण जिम्मेदारियों का अधिक भार वर्तमान में कार्यरत इन तीनों चिकित्सकों पर है। इसके बावजूद डॉ. मनोज डांसेना, डॉ. माधुरी चंद्रा और बीएमओ डॉ. विनेस नायक लगातार मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं किसी तरह जारी हैं, तो उसमें इन चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल उपलब्ध रहना, सीमित संसाधनों में बेहतर उपचार देने का प्रयास करना तथा लगातार बढ़ते कार्यभार के बीच मरीजों की देखरेख करना उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। बीएमओ डॉ. विनेस नायक प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ चिकित्सा सेवाओं का संचालन भी कर रहे हैं, वहीं डॉ. मनोज डन्सेना एवं डॉ. माधुरी चंद्रा मरीजों के उपचार और स्वास्थ्य देखरेख में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि डॉक्टरों की कमी के कारण कई बार मरीजों को बेहतर उपचार हेतु अन्य अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है, फिर भी वर्तमान चिकित्सक अपनी क्षमता के अनुसार कार्य कर अस्पताल की सेवाओं को बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में शीघ्र अतिरिक्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की जाए, ताकि वर्तमान में कार्यरत डॉक्टरों पर बढ़ते कार्यभार को कम किया जा सके और क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

---

# सड़क किनारे सज रहा सब्जी बाजार, भारी वाहनों की आवाजाही से हादसे का बढ़ा खतरा

» सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने लोगों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेमर बेरियर चौक के पास मुख्य मार्ग किनारे सब्जी बाजार लग रहा है। शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक यहां खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ती है। फुटपाथ पूरी तरह ब्लॉक होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर मुख्य सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इस मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।



सड़क किनारे लगा सब्जी बाजार एवं गुजरता भारी वाहन।

जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर राज्य मार्ग 16 में टे टेमर के बैरियर चौक के पास के मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे अवैध रूप से लग रहे सब्जी बाजार के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों की जान जोखिम में आ गई है। इस व्यस्त मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों (हैवी ट्रक्स) की लगातार आवाजाही बनी रहती है, जिससे यहां कभी भी कोई बड़ी और दर्दनाक दुर्घटना होने की संभावना अत्यधिक बढ़ गई है। पैदल यात्रियों और खरीदारों कीस्थानीय निवासियों का कहना है कि सब्जी बेचने वालों द्वारा मुख्य सड़क की पटरियों से लेकर आधी सड़क तक अपनी दुकानें सजा लेते हैं। जिसके चलते शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक यहां खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ती है। फुटपाथ पूरी तरह ब्लॉक होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर मुख्य सड़क पर चलने को मजबूर हैं। अंधाधुंध गति से निकलते भारी वाहन लोगों के लिए चिंता का कारण बन गए है।

खास बात यह है कि यह राज्य मार्ग मुख्य कनेक्टिंग रोड होने के कारण यहां से तेज रफ्तार ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहन गुजरते हैं। कई बार सब्जी खरीदने आए लोगों या अचानक मुड़ने वाले वाहनों को इन भारी ट्रकों के बेहद करीब से गुजरते देखा जा सकता है। जरा सी भी चूक या ट्रक का संतुलन बिगड़ने पर यहां एक भयानक हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर सब्जी बाजार लगने से रोजाना ट्रैफिक जाम तो होता ही है, लेकिन सबसे ज्यादा डर इन भारी ट्रकों से लगता है। अगर किसी ट्रक के ब्रेक फेल हो गए या वह अनियंत्रित हो गया, तो यहां तबाही मच जाएगी। प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस प्रकार के स्थिति के बावजूद स्थानीय सरपंच और यातायात पुलिस विभाग उदासीन बना हुआ है। मुख्य मांगें जो उठ रही हैं:, सब्जी बाजार को किसी सुरक्षित और खुले मैदान या निश्चित वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाए। सड़क किनारे से अतिक्रमण पूरी तरह साफ कराया जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार करता है या समय रहते जागकर इन मासूम जिंदगियों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है।

---

# नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासी, कॉलिंग और इंटरनेट सेवा हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

नगर पंचायत बिर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एयरटेल नेटवर्क की लगातार खराब स्थिति से हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले कई दिनों से मोबाइल नेटवर्क कमजोर रहने, बार-बार कॉल कटने, इंटरनेट की धीमी गति तथा कई स्थानों पर नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके कारण विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



क्षेत्रवासियों का कहना है कि आज के डिजिटल युग में अधिकांश शासकीय कार्य, ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग सेवाएं, पढ़ाई और व्यावसायिक गतिविधियां मोबाइल नेटवर्क पर निर्भर हैं, लेकिन एयरटेल की खराब सेवा के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में भी फोन नहीं लगने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन कक्षाओं में बाधा आ रही है, यूपीआई भुगतान प्रभावित हो रहा है तथा कई महत्वपूर्ण कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। देश के विभिन्न हिस्सों में भी समय-समय पर एयरटेल नेटवर्क बाधित होने और कॉल व इंटरनेट सेवाओं के प्रभावित होने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को इसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बिर्रा क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने एयरटेल प्रबंधन एवं दूरसंचार विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में नेटवर्क क्षमता बढ़ाने, अतिरिक्त टॉवर स्थापित करने तथा तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

---

# पल्स पोलियो अभियान, बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार 28 जून को ग्राम पंचायत सोठी के पंचायत भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गांव के 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की खुराक ('दो बूंद जिंदगी की') पिलाई गई।

- ग्राम पंचायत सोंठी में पल्स पोलियो अभियान आयोजित

सुबह से ही पंचायत भवन में ग्रामीणों का अपने छोटे बच्चों के साथ आना शुरू हो गया था। अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय मितानिन बहुओं रंभा महंत एवं खीर बाई पटेल ने सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने केंद्र पर आए 140 बच्चों को दवा पिलाई, वही जो बच्चे किसी कारण छूटे हुए है ऐसे बच्चों को चिन्हित करने अगले दिन घर-घर जाकर दवा पिलाया जाएगाइस अवसर पर ग्राम 14 के पंच राम अवतार साहू ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, लेकिन सही समय पर दी गई वैक्सीन से इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक का जागरूक होना आवश्यक है।



बच्चों को पोलियो दवा पिलाती मितानिन।

### 16 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



**मालखरौदा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पूरे ब्लॉक के विभिन्न गांवों के पोलियो बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इसके लिए पूरे ब्लॉक में 155 बूथ बनाए गए थे, जबकि 17 हजार 120 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 16 536 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने में मितानिनों के अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी का विशेष योगदान रहा

---

# विद्यार्थी नियमित स्कूल आएं और मन लगाकर करें पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अंधीयारी पाठ में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशी विद्यार्थियों के तिलक लगाकर स्वागत के साथ सभी बच्चो को चाकलेट का वितरण किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

प्रधान पाठक एस. एन. आर्मो ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करना, उनका उत्साहवर्धन करना तथा उन्हें नए मैक्षणिक वातावरण में महज रूप ये अनुकूलित करना है। संकुल समन्वयक यू. एस. निर्मलकर ने शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें, अभ्यास पुस्तिकाएँ, छात्रवृत्ति, खेल सामग्री, मध्यान्ह भोजन तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष मुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। पूर्व प्रधान पाठक सी. एल. शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। इसके लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आएं, मन लगाकर अध्ययन करें तथा शिक्षक भी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजुला देवांगन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण जीतेन्द्र कौशल, भवानी पाण्डेय, अमित धीवर, सम्मिसागर माहेश्वरी, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा एवं श्रीमती दिव्या सेंगर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर यादव, पूर्व पार्षद धनीराम यादव, रामकुमार, श्रीमती सावित्री सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तक प्रदान करते अतिथि।

---

# देवकिरारी में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत

**किरारी (अकलतरा)।** नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर अकलतरा विकासखंड अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, किरारी में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण के बीच किया गया।

इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक एवं आत्मीय तरीके से स्वागत किया गया। तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें एवं मिठाई वितरित कर शिक्षा के नए सफर के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र कौशिक ने की, जबकि ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच अशोक कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजुला सोनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों में पहुंचे बच्चों के चेहरों पर नए सत्र की शुरुआत का उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। मुख्य अतिथि अशोक कश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में निरंतर सहयोग करें। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। प्राचार्य श्रीमती अंजुला सोनी ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनुभव तिवारी ने किया, जबकि सुभाष कश्यप ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



---

मशरूम मित्र सम्मान से सम्मानित किए गए 10 मशरूम उत्पादक किसान

# राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव में सात जिलों के किसान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव का आयोजन किया गया। छग में पहली बार आयोजित 'मशरूम महोत्सव' में 7 जिलों जाजंगीर-चाम्पा, सक्ती, कोरबा, बिलासपुर, बस्तर, महासमुंद, धमतरी के किसान, मशरूम उत्पादक बड़ी संख्या में शामिल हुए, वहीं उड़ीसा से भी यहां किसान पहुंचे थे। इस दौरान किसानों में व्यापक उत्साह भी दिखा और कृषि वैज्ञानिकों ने भी शिरकत की।

इस मौके पर 10 मशरूम उत्पादकों को 'मशरूम मित्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। मशरूम महोत्सव में विधायक ब्यास कश्यप, जिला पंचायत की सभापति उमा राजेन्द्र राठौर, बलौदा जनपद के सभापति चुड़ामणि राठौर, भिलाई की पत्रकार निधि भारद्वाज, जाटा-बहेराडीह की सरपंच पुनाबाई मरकाम मौजूद थे।




मोमेंटों एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते विधायक ब्यास कश्यप एवं अन्य अतिथिगण।

मशरूम महोत्सव में किसानों ने भी अपना अनुभव साझा किया।कार्यक्रम को सफल बनाने किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, समाजसेवी डॉ. सुरेश देवांगन, जिला ब्यापार उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष शुक्ला, प्रगतिशील किसान संदीप तिवारी, राजकुमार साहू, रामाधार देवांगन, अजय अग्रवाल, हिमांशु साहू, प्रकाश साहू, विकास साहू, अविनाश धीवर रुखमणि पाण्डेय सिवनी, छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के मछली पालन व डेयरी के मास्टर ट्रेनर व असेसर श्रीमती सावित्री पॉल, गिरवर पटेल महुदा च, डॉ. रामदयाल यादव, डॉ. कैलाश बरेठ देवरी, डॉ. भंजय गबेल, डॉ हेमित बैनर्जी देवरी, डॉ मुकेश सागर सरपंच अमरुआ, पूर्व सरपंच चन्द्रकला श्रवण कश्यप, जांजगीर की सावित्री साहू, सक्रिय महिला ललिता यादव, पशु सखी पुष्पा यादव, क्रृषि सखी शशि कर्ष, बाबूलाल यादव, श्रवण कश्यप, पिंटू कश्यप आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम को संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. खेमादास महंत व आभार केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन ने किया। इस मौके पर किसान स्कूल में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव में मशरूम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कोरबा की परमेश्वरी सिंह का सम्मान किया गया। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. खेमादास महंत, मशरूम वैज्ञानिक डॉ. आशीष प्रधान, छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के मशरूम का मास्टर ट्रेनर व असेसर धनेश्वर माझी, भोजराम यादव महासमुंद को राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव में सम्मानित किया गया।

---

# साफ सफाई के अभाव में सड़कों में बह रहा नाली का गंदा पानी

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। गांव के दाऊ मोहल्ला, छिपियापारा, बराईपारा, बनियापारा, मारारपारा, पूर्व सरपंच मोहल्ला, कहरापारा और कोस्टापारा सहित कई बस्तियों में नालियों का गंदा पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियों और सड़कों पर काई जम गई है, जिससे राहगीरों और बाइक चालकों के फिसलकर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व गांव के विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है, लेकिन इस दिशा में कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आसपास के छोटे-छोटे गांवों में नियमित रूप से सफाई वाहन पहुंचकर कचरे का संग्रहण करता है, जबकि बिर्रा में सफाई वाहन शायद ही कभी दिखाई देता है।

